## एक नजर में

### बालक एवं बालिका छात्रावासों में हुई बैठक

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार जिले के समस्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका बालक छात्रावासों में वार्डन की बैठक बैठक में छात्रावासों में प्रदेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, अभिलेख संधारण तथा प्रशासनिक कार्यों को ऑनलाईन एवं पारदर्शिता के साथ संचालित करने के उद्देश्य से ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली एवं समेकित डिजिटल प्लेटफार्म के बारे में विस्तार से बताया गया।**

छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु बेवसाईट के माध्यम से कक्षा 6वीं एवं अन्य कक्षाओं की रिक्त सीटों की पूर्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की सुविधा दिनांक 10 मार्च से 10 जून तक रहेगी। प्रथम चरण में 10 मार्च से 30 मार्च तक रहेगी। प्रथम चरण के उपरान्त रिक्त सीटों के बालक-बालिकाओं हेतु द्वितीय चरण ऑनलाईन आवेदन की तिथि 6 अप्रैल से 10 जून तक रहेगी। इस प्रणाली के माध्यम से वास्तव में पात्र वचित एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों की छात्रावास में पहुंच सहज होगी। छात्रावास में भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन अभिभावक, पालक, विद्यार्थी द्वारा नजदीकी कियोस्क केन्द्र से स्कूल शिक्षा विभाग की बेवसाईट के माध्यम से भरा जा सकता है।

# मोहनगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में अवैध रेत का कारोबार

**कारोबारियों एवं अधिकारियों के बीच दिख रहीं नजदीकियां**

**प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ/मोहनगढ़। क्षेत्र में इस समय अवैध कारोबारियों और प्रशासनिक जिम्मेवारो की नजदीकियां देखी जा रही है। आसपास के क्षेत्रों में अवैध रेत का खनन और परिवहन का कारोबार जमकर फल-फूल रहा है। हाल ही में इस संबंध में कई रिपोर्ट सामने आई हैं, जिनमें प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर सवाल उठाए गए हैं। इन दिनों एमपी यूपी को बांटने वाली जमीनी नदी की सीमाओं पर यह कारोबार खुलेआम देखा जा रहा है इतना ही नहीं क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में इसी खराब रेट का ठेकेदारों द्वारा उपयोग किया जा रहा है जिससे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर संदेह है।**

मोहनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मालपीथा, पिथनोरा, इकबालपुरा, केशवगढ़, हेतेरी, खरबम्होरी, खाकरोंन, बिंदारी आदि एक दर्जन से अधिक गांवों के आस पास खुलेआम रेत का कारोबार पनप रहा है। इतना ही नहीं चाहे जेरोन ममोरा की नदी हो या फिर बिंदारी राजनगर के पास से निकाली ब बारगी नदी हो सभी जगह माफियाओं ने अपना कारोबार सेट कर लिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे कारोबार की चाहे पुलिस को जानकारी दो या फिर प्रशासन को कोई रोक-टोक करने वाला नहीं है। इसलिए क्षेत्र में रेत माफिया सक्रिय हैं, जो रात के अंधेरे में या फिर मिलीभगत से अवैध तरीके से रेत का उत्खनन और परिवहन कर रहे हैं। अवैध रेत खनन के कारण स्थानीय नदियों और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँच रहा है। कार्यवाही का अभाव यद्यपि समय-समय पर अवैध परिवहन कर रहे ट्रैक्टरों पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की खबरें आती हैं, लेकिन यह पूर्ण रूप से बंद नहीं हो पा रहा है। आसपास के क्षेत्रों में अवैध रेत का खनन और परिवहन का कारोबार जमकर फल-फूल रहा है। हाल ही में इस संबंध में कई रिपोर्ट सामने आई हैं, जिनमें प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर सवाल उठाए गए हैं। इन दिनों एमपी यूपी को बांटने वाली जमीनी नदी की सीमाओं पर यह कारोबार खुलेआम देखा जा रहा है इतना ही नहीं क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में इसी खराब रेट का ठेकेदारों द्वारा उपयोग किया जा रहा है जिससे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर संदेह जताया जा रहा है। इस रेत को लेकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सबाल खड़े हो रहे है।

### एक दर्जन से अधिक स्थानों पर हो रहा कारोबार

मोहनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मालपीथा, पिथनोरा, इकबालपुरा, केशवगढ़, हेतेरी, खरबम्होरी, खाकरोंन, बिंदारी आदि एक दर्जन से अधिक गांवों के आस पास खुलेआम रेत का कारोबार पनप रहा है। इतना ही नहीं चाहे जेरोन ममोरा की नदी हो या फिर बिंदारी राजनगर के पास से निकाली ब बारगी नदी हो सभी जगह माफियाओं ने अपना कारोबार सेट कर लिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे कारोबार की चाहे पुलिस को जानकारी दो या फिर प्रशासन को कोई रोक-टोक करने वाला नहीं है। इसलिए क्षेत्र में रेत माफिया सक्रिय हैं, जो रात के अंधेरे में या फिर मिलीभगत से अवैध तरीके से रेत का उत्खनन और परिवहन कर रहे हैं।

### जानकारी सही पाए जाने पर होगी कार्यवाही

जब इस संबंध में मोहनगढ़ तहसीलदार रमेश चंद्र परमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अवैध रेत के कारोबार की अभी मुझे कोई जानकारी नहीं है, यदि अवैध रेत का कारोबार तहसील क्षेत्र में पनप रहा है तो उसे दिखवाते हैं। अगर आपके द्वारा बताई गई जानकारी सही पाई गई तो जिले के खनिज विभाग और राजस्व विभाग की तरफ से मिलकर माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। ऐसे लोगों पर कठोर कार्यवाही को अमल में लाया जाएगा।

## आज हिन्दू नववर्ष पर भजन संध्या का आयोजन



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर में श्रीराम जन्मोत्सव और हिंदू नववर्ष का उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार की ओर से इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें प्रभात फेरी, दीपोत्सव, भजन संध्या और शोभायात्रा शामिल हैं।**

बुधवार को सुबह 7 बजे नजरबाग मंदिर से युवाओं ने प्रभात फेरी निकाली। यह प्रभात फेरी शहर के विभिन्न इलाको सहित आसपास के मोहल्लों से गुजरी। इस दौरान घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रण पत्र और धर्म ध्वजा वितरित की गई। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार ने लोगों से आज 19 मार्च को हिंदू नववर्ष पर आयोजित होने वाली भजन संध्या और दीपोत्सव महोत्सव में शामिल होने की अपील की गई। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार के सदस्य अंशुल नायक ने बताया कि प्राचीन नजरबाग मंदिर में आज शाम 7 बजे 1100 दीपक जलाकर उत्सव मनाया जाएगा। इसी दिन भजन गायिका शक्ति दुबे अपनी टीम के साथ धार्मिक भजनों की प्रस्तुति देंगी। यह भी बताया कि 26 मार्च तक शहर में लगातार प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसका उद्देश्य नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक घर तक निमंत्रण पत्र और धर्म ध्वज पहुंचाना है। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार पिछले 20 वर्षों से लगातार श्रीराम नवमी पर्व मना रहा है, और यह इस महोत्सव का 21वां वर्ष है। 27 मार्च को नजरबाग मंदिर में दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके बाद शाम 5 बजे ढोल-नगाड़ों के साथ शहर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## बल्देवगढ़ के आहार सेक्टर में समितियों का प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज खरगापुर। बल्देवगढ़ अहार सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण वृषभानपुरा में जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मां साक्षी लोक कल्याण सेवा समिति द्वारा अहार सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वृषभानपुरा सरपंच श्रीमती प्रेम बाई वंशकार ने की।**

प्रशिक्षण के दौरान वृषभानपुरा पटवारी श्रीमती प्रियंका यादव ने राजस्व कार्यों की जानकारी दी और प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। वृषभानपूरा पंचायत सचिव रामकिशन यादव ने समग्र आईडी व जन्म पंजीकरण तथा विकासखंड समन्वयक ललित शर्मा ने वित्तीय रिकॉर्ड संधारण के बारे में सभी प्रस्फुटन समिति के उपस्थित सदस्यों को प्रशिक्षण दिया। मेंटर प्रमोद कुमार चढ़ार के संचालन में आयोजित इस शिविर में वृषभानपुरा, देवी नगर, दुर्गा नगर, गणेशपुरा और लड़वारी समितियों के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं नवांकुर सखी उपस्थित रहीं। विनोद चौरसिया और कार्यक्रम समन्वयक संतोष चौरसिया का विशेष सहयोग रहा।

## 800 से अधिक संख्या होने पर खुलेगी राशन दुकान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेशानुसार ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक पंचायत में एक उचित मूल्य दुकान होगी। किसी पंचायत में पात्र गृहस्थियों की संख्या 800 से अधिक होने पर एक अतिरिक्त दुकान खोली जा सकेगी। परन्तु किसी पंचायत में अतिरिक्त दुकान खोली जाती है तो पात्र गृहस्थियों की संख्या यथासंभव 400 से कम न हो।**

अतैव उपभोक्ताओं की सुविधा एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुचारू संचालन हेतु विकासखण्ड की एक शासकीय उचित मूल्य दुकान मवई में 800 से अधिक कार्ड होने से अतिरिक्त शासकीय उचित मूल्य दुकान खोले जाने हेतु ऑनलाईन विज्ञप्ति निकाली जाकर नवीन दुकान आवंटन किया जाना है। इच्छुक संस्था, समूह दुकान आवंटन के लिये ऑनलाईन आवेदन 18 मार्च से 24 मार्च 2026 तक पोर्टल लिक पर आवेदन कर सकते है तथा अधिक जानकारी के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टीकमगढ़ एवं जिला खाद्य कार्यालय कलेक्ट्रेट में संपर्क कर सकते हैं। उक्त दिनांक के पश्चात् प्रस्तुत आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे।

## 51 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण, वितरित की औषधि




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आयुष पद्धति का प्रचार प्रसार में जागरूकता लाने के लिए संचालनालय आयुष भोपाल मध्य प्रदेश एवं कलेक्टर टीकमगढ़ के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी टीकमगढ़ डॉ.विनोद कुमार जी के मार्गदर्शन में आज शासकीय आयुर्वेद औषधालय बम्हौरी बराना के ग्राम रतनगुवां में निःशुल्क आयुष शिविर लगाया गया, जिसमें 51 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और औषधि प्रदान की गई।**

शिविर में रोगियों की चिकित्सा की गई। इसके अतिरिक्त स्त्रीरोग,वातरोग, उदर रोग, चर्म रोग, कास रोग आदि रोगों की औषधियों को वितरित किया गया। बीपी.शुगर की जांच की। आहार बिहार और वर्तमान ऋतु में होने वाले रोगों के बचाव के उपाय बताए एवं कुपोषण को दूर करने में जागरूकता प्रदान की गई। शिविर में सामुदायिक आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वेच्छा खरे,कमलेश नायक, महिला शकुन्तला नायक, आभा मिश्रा, दवासाज हरप्रसाद अहिरवार, योग प्रशिक्षक मनोज खरे, योग सहायक अनीता का सहयोग रहा।

## आज मनाया जाएगा विक्रमोत्सव

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा गुड़ी पड़वा एवं नव वर्ष के अवसर पर भारतीय इतिहास के सबसे उत्कृष्ट सम्राट विक्रमादित्य के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से विक्रमोत्सव 2026 का आयोजन प्रदेश में किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।**

इसीक्रम में टीकमगढ़ जिले में भी नव वर्ष विक्रम संवत, गुड़ी पड़वा 19 मार्च को जिला मुख्यालय पर प्रातः 10 बजे उत्सव भवन में सूर्य उपासना कार्यक्रम विक्रमोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पाहुना लोक जन समिति द्वारा सम्राट विक्रमादित्य केंद्रित नाट्य का मंचन किया जायेगा। नव वर्ष के अवसर पर भारतीय इतिहास के सबसे उत्कृष्ट सम्प्राट विक्रमादित्य के विचारों को जन-जन तक पहुँचाया जाए।

## 5 दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी कार्यक्रम का दूसरा सत्र शुरू




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा के तत्वावधान में 5 दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के द्वितीय बैच का आयोजन 16 मार्च से 20 मार्च 2026 तक किया जा रहा है, जिसमें एलसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, होमगार्ड एवं सीडी वालंटियर को सम्मिलित किया गया।**

प्रथम दिवस जिला सेनानी बी पी नामदेव द्वारा आपदा एवं उनके प्रकार, भारत एवं मध्य प्रदेश में भूकंप का इतिहास भूकंप आने के कारण, भूकंप का विभिन्न जोन में वर्गीकरण, पीसी अमित दुबे द्वारा भूकंप के बारे में विस्तृत विवरण, भूकंप आने पर तात्कालिक कार्यवाही एवं शारीरिक बचाव, भू-गर्भीय हलचल एवं संभावनाएं विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में एसडीईआरआफ जवान अंचल द्विवेदी द्वारा सीपीआर एवं भूकंप के समय प्रयोग किए जाने वाले आपदा उपकरणों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर एसपी मंडराह द्वारा की गई। अपर कलेक्टर मंडराह द्वारा आपदा प्रबंधन के महत्व एवं इसके प्रबन्धन पर विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष अतिथि डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर के द्वारा भी कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा के तत्वावधान में 5 दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के द्वितीय बैच का आयोजन 16 मार्च से 20 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें एलसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, होमगार्ड एवं सीडी वालंटियर शामिल हुए।

# कार्यशाला में समिति ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**पुण्यभूमि समाज सेवा समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम**

**ग्राम विकास में योगदान विषयों पर रखे सभी ने अपने विचार**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था पुण्यभूमि समाज सेवा समिति खरगापुर ने सेक्टर कुड़ीला अंतर्गत ग्राम प्रस्फुटन विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शोभाराम विश्वकर्मा, मप्र जन अभियान परिषद बल्देवगढ़ ब्लॉक समन्वयक ललित शर्मा संस्था समन्वयक मनीष कुमार सोनी, विनोद चौरसिया प्राचार्य, ब्रजेश जैन पटवारी उपस्थित प्रशिक्षणकर्ता के रूप के जी उपस्थित रहें, इस प्रशिक्षण का संचालन प्रस्फुटन समिति के ने किया।**

प्रशिक्षण की प्रस्तावना नवांकुर संस्था के समन्वयक मनीष कुमार सोनी ने रखी उन्होंने जन अभियान परिषद के उद्देश्य ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का ग्राम के विकास में योगदान विषयों पर अपने विचार रखें। श्री शोभाराम विश्वकर्मा ने केशबुक संधारण रजिस्टरों को तैयार करने व उनके अलग अलग उपयोग, एम ई एस एप्प मे डाटा भरने, आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की एवं मोबाइल द्वारा उसका प्रायोगिक भी करवाया गया। श्री ब्रजेश जैन पटवारी ने प्रधानमंत्री कृषि, किशन सम्मान निधि योजना के बारे में जानकारी दी ओर विनोद चौरसिया प्राचार्य में बैठक आयोजित करने के बारे में बताया,इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक ललित शर्मा ने ग्राम विकास के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ जैसे सांकल से समाधान अभियान, लाडली लक्ष्मी, माँ की बगिया, जल जीवन मिशन, अंकुर अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान आदि के बारे में जानकरी उपलब्ध करवाई। साथ ही उन्होंने कहा कि वंचित समुदाय को वास्तविक हिग्रहियों को लाभ दिलवाने का कार्य प्राथमिकता से करें। दिनेश आठ्या ने समिति के सदस्यों को अपना अमूल्य मार्गदर्शन देते हुए उन्हे ग्राम में बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया उन्होंने आदर्श ग्राम, संस्कार केंद्र, सूचना केंद्र आदि पर अपने विचार रखे। पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न सुझाव दिये जो निश्चित ही कारगार सिद्ध होंगे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं लाभ पात्र व्यक्तियों को मिले इसमें अहम भूमिका रहनी चाहिए ।

**विवाद** | **दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बम्होरी खास का मामला**

# विद्युत कंपनी के कर्मचारियों और किसान के बीच उपजा विवाद



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। विद्युत कंपनी के कर्मचारियों और एक किसान परिवार के बीच विवाद हो गया। घटना दिगौड़ा थाना क्षेत्र के बम्होरी खास गांव में हुई, जब कर्मचारी बकाया बिजली बिल के चलते एक किसान का विद्युत पंप जब्त करने पहुंचे थे।**

बुधवार को जब निजी कर्मचारी किसान के खेत में विद्युत पंप जब्त करने पहुंचे, तो किसान परिवार गेहूं की कटाई कर रहा था। पंप जब्त करने के प्रयास के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो बाद में गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई।घटना के बाद, बिजली कंपनी के कर्मचारी और बिजली उपभोक्ता दोनों दिगौड़ा पुलिस थाने पहुंचे। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।विद्युत वितरण केंद्र दिगौड़ा में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता सोहन लाल निगवाल ने बताया कि कुर्की कार्रवाई के लिए पहुंची टीम पर उपभोक्ता सुरेश विश्वकर्मा ने हमला किया। उन्होंने लाइनमैन धनीराम अहिरवार और आउटसोर्स कर्मचारियों अखलेश अहिरवार, राकेश यादव, पीयूष दांगी के साथ मारपीट कर टीम को खदेड़ दिया। उपभोक्ता पर 60-65 हजार रुपए का बिजली बिल बकाया है।अभियंता ने यह भी बताया कि जब कंपनी के कर्मचारी थाने पहुंचे, तो सुरेश विश्वकर्मा भी अपनी पत्नी के साथ आ गए। उन्होंने कार्रवाई से बचने के लिए कर्मचारियों पर गाली-गलौज और महिला से छेड़छाड़ जैसे गंभीर आरोप लगाए।दिगौड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने पुष्टि की कि दोनों पक्षों ने शिकायतें दर्ज कराई हैं।

उन्होंने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। विद्युत कंपनी के कर्मचारियों और एक किसान परिवार के बीच विवाद हो गया। घटना दिगौड़ा थाना क्षेत्र के बम्होरी खास गांव में हुई, जब कर्मचारी बकाया बिजली बिल के चलते एक किसान का विद्युत पंप जब्त करने पहुंचे थे। कनिष्ठ अभियंता सोहन लाल निगवाल ने बताया कि कुर्की कार्रवाई के लिए पहुंची टीम पर उपभोक्ता सुरेश विश्वकर्मा ने हमला किया। उन्होंने लाइनमैन धनीराम अहिरवार और आउटसोर्स कर्मचारियों अखलेश अहिरवार, राकेश यादव, पीयूष दांगी के साथ मारपीट कर टीम को खदेड़ दिया।

### जांच के बाद होगी कार्यवाही

दिगौड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने पुष्टि की कि दोनों पक्षों ने शिकायतें दर्ज कराई हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। विद्युत कंपनी के कर्मचारियों और एक किसान परिवार के बीच विवाद हो गया।

## क्रियान्वयन के लिए सशक्त बनना जरूरी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत कार्यरत नवांकुर संस्था ग्रामीण स्वावलंबन समिति सेक्टर बुडेरा के द्वारा पंचायत भवन प्रांगण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एकदिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम विकास, जनभागीदारी को बढ़ावा देना तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समिति सदस्यों को सशक्त बनाना रहा।**

प्रशिक्षण के दौरान जिला समन्वयक डॉ. सुनील कुमार कटियार ने कहा कि शासन और जनता के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती हैं। इनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने समिति सदस्यों को ग्राम स्तर की समस्याओं की पहचान कर सामूहिक प्रयासों से समाधान निकालने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर संस्था सचिव राजकुमार ने समिति के संगठनात्मक संचालन, रिकॉर्ड संधारण, कार्यों के पारदर्शी दस्तावेजीकरण तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों जैसे नशामुक्ति, जल संरक्षण, वृक्षारोपण और आत्मनिर्भरता पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में खुशबू नापित परामर्श दाता, रवि अहिरवार सहित ग्राम भैरा, लक्ष्मणपुरा, उमरी, डुडा एवं नन्हीं टेहरी की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के अंत में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा सभी ने ग्राम विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यरत नवांकुर संस्था ग्रामीण स्वावलंबन समिति सेक्टर बुडेरा के द्वारा पंचायत भवन प्रांगण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एकदिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## 28 मार्च तक होंगे आवेदन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण नियंत्रण आदेश 2015 में दिये गये प्रावधान अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक उचित मूल्य की दुकान संचालित होना है एवं जिन ग्रामीण क्षेत्र की नवीन दुकान विहीन ग्राम पंचायत में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं पुर्न आवंटन स्थापित किये जाने का प्रावधान है।**

उक्त प्रावधान के तहत् अनुविभाग में ग्राम पंचायत पराखारा में नवीन दुकान आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है।खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा विभाग की बेबसाइड पोर्टल पर पात्र सस्थायें 18 से 28 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।